नूंह स्थित लघु सचिवालय में नवनिर्मित दृश्यम कंट्रोल रूम का उद्घाटन

चर्चा में क्यों?

14 फरवरी, 2022 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने नूंह स्थित लघु सचिवालय में नवनिर्मित दृश्यम कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- इस कंट्रोल रूम से ज़िले में आपराधिक गतिविधियों पर आसानी से नजर रखी जा सकेगी।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि दृश्यम कंट्रोल रूम की मदद से पुलिस प्रशासन को काफी सहूलियत होगी। अब तीसरी आँख की ज़द में ज़िले की हर घटना रिकॉर्ड होगी।
- ज़िले में आपराधिक गतिविधियों पर नज़र रखने के लिये ज़िले के मुख्य चौक-चौराहों व भीड़-भाड़ वाले इलाकों में करीब 40 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। कैमरों की खास बात है कि 7 किमी. तक दिन-रात ये कैमरे हर हरकत को कैद कर सकते हैं व 100 मीटर तक किसी भी चीज़ को ज़ूम कर उसका सही आंकलन किया जा सकता है।
- नूंह ज़िले के एसपी वरुण सिंगला ने बताया कि अभी तक 35 लाख रुपए की लागत इस हाईटेक दृश्यम केंद्र पर आई है। इस केंद्र में आठ एलईडी लगाई गई हैं। एक स्पेशल कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रूम में तैनात पुलिस अधिकारी व कर्मचारी के साथ-साथ वे स्वयं भी अपने मोबाइल द्वारा नज़र रख सकते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inauguration-of-the-newly-built-visible-control-room-at-the-mini-secretariat-in-nuh